मंगलवार
34 साल से देहरादून का विश्वास
17 फरवरी 2026
● देहरादून
● वर्ष 34
● अंक 25
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. : 59626/94 email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# बर्खास्त शिक्षक के घर छापा

## दो तमंचे और एके-47 के कारतूस बरामद, आरोपी पहले भी जा चुका है जेल

हमारे संवाददाता

नैनीताल। हल्द्वानी के बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में पुलिस को एक भारी सफलता मिली है। रेलवे भूमि प्रकरण को लेकर 24 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तावित सुनवाई से पहले चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने एक बर्खास्त शिक्षक के घर से दो तमंचे और कई जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एक सूचना मिलने पर टीम ने गौजाजाली उत्तर स्थित आयशा मस्जिद के पास एक घर में तलाशी ली। तलाशी के दौरान घर की अलमारी के ऊपर छिपाकर रखे गए हथियार बरामद हुए। पुलिस ने मौके से 315 बोर का एक तमंचा दो कारतूस सहित, 12 बोर का एक तमंचा चार कारतूस के साथ, 7.62 एमएम का एक कारतूस (एके-47 से संबंधित) तथा 7.65 एमएम के दस कारतूस बरामद किए।

पुलिस के मुताबिक आरोपी मोबिन खान पूर्व में पॉक्सो मामले में जेल जा चुका है, जिसके चलते उसे नैनीताल के एक सरकारी स्कूल से शिक्षक पद से बर्खास्त किया गया था। परिवार के सदस्यों ने भी पुलिस को बताया कि आरोपी लंबे समय से हथियार दिखाकर उन्हें धमकाता था। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की मानसिक स्थिति संदिग्ध लग रही है और उसने तलाशी के दौरान आत्मघाती कदम उठाने की कोशिश भी की। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि प्रतिबंधित कारतूस उसके पास कहां से आया और उसका इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाना था।



# महंत की हत्या का खुलासा, दम्पत्ति सहित तीन गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। गुमशुदा महंत की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक दम्पत्ति सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनकी निशानदेही पर मृतक महंत का शव व हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद की गयी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत भुल्लर ने बताया कि 10 फरवरी को ग्राम मोहम्मद बेगपुर उर्फ टकाभरी निवासी श्याम सिह ने कोतवाली भगवानपुर में तहरीर देकर बताया गया था कि रविदास आश्रम में निवासरत महात्मा बृजेश दास दिनांक 5 फरवरी को बिना बताये कहीं चले गए हैं और तब से उनका कोई अता-पता नही है। मामले में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी। गुमशुदा महंत बृजेशदास की तलाश में जुटी थाना भगवानपुर व सीआईयू रुड़की की संयुक्त पुलिस टीम ने विभिन्न सुरागों के आधार पर जानकारी जुटाई तो सामने आया कि गुमशुदा बृजेश दास बागपत निवासी एक महिला के संपर्क में था तथा अंतिम बार भी उक्त महिला से ही मोबाइल नंबर के जरिए बात हुई थी। सामने आयी जानकारी के मुताबिक जब पुलिस टीम ने उक्त महिला व उसके पति से गंभीरता से पूछताछ की तो महिला ने बताया कि पुराना परिचित होने व रिश्तेदारी में आने के चलते गुमशुदा बृजेश दास का अक्सर उसके घर पर आना जाना था। इस बीच बृजेश द्वारा अक्सर मानसिक व वित्तीय तौर पर परेशान किए जाने व अनावश्यक दबाव डालने पर महिला ने 5 फरवरी को कॉल कर बृजेश दास को अपने घर पर बुलाया जहां योजना के मुताबिक घर पहुंचे महिला के पति ने कुल्हाडी से वार कर बृजेश दास की हत्या कर दी। हत्या के बाद हत्यारोपी और उसके भाई ने रात के अंधेरे में शव और मोटर साईकिल कृष्णा नदी में बहा दिए। बताया कि कत्ल की इस वारदात को छिपाने के लिए हत्यारोपियों ने मृतक का मोबाईल फोन, बिस्तर पर लगी चादर, गद्दा, मृतक के कुछ कपड़े व शव लपेटने के लिए इस्तेमाल की गई चादर को आग लगाकर नष्ट करने का भी प्रयास किया। पुलिस ने हत्यारोपियों की निशांदेही पर नदी के किनारे से गुमशुदा महंत बृजेश दास का शव बरामद किया। इसके साथ ही पुलिस टीम ने भूसे के ढ़ेर मे छिपाकर रखी गयी कुल्हाड़ी, मृतक के मोबाइल के अध जले पार्टस/बैटरी, मृतक के जलाये कपडों की राख आदि बरामद की गई। हत्यारोपियों के नाम संजीव पुत्र स्व. रामपाल निवासी ग्राम गांगनौली थाना दोघट जिला बागपत उ.प्र., महिला पत्नी संजीव व जोगेन्द्र पुत्र स्व. रामपाल वर्तमान निवासी सोनीपत हरियाणा बताये जा रहे है। बहरहाल पुलिस ने उन्हे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।



दून वैली मेल

## संपादकीय

# दून में जाम एक बड़ी समस्या

राजधानी देहरादून में जाम लगना विगत वर्षो से एक बड़ी समस्या बना हुआ है। हालांकि राजधानी देहरादून में लगने वाले जाम को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा बीते कई वर्षो से नित नये प्रयोग किये जाते रहे है। लेकिन इसमें कितनी सफलता मिल पायी है यह जग जाहिर है। राजधानी देहरादून में जाम लगने के मुख्य कारणों में से एक यह है कि शासन-प्रशासन द्वारा पैदल चलने वालों के लिए जो फुटपाथ बनाये गये है उन पर बाजार सजे हुए है। जिस कारण पैदल चलने वालों को भी मुख्य सड़कों से गुजरना पड़ता है। जिस कारण जाम लगना तय है। वहीं शहर में चलने वाले विक्रम, आटो व ई रिक्शा भी जाम लगने में सहभागिता निभाते नजर आते है। क्योंकि इनका कोई फिक्स स्टोपेज नहीं है इनका जब भी कहीं भी मन आता है अपने वाहनों को रोक कर सवारी भरने लगते है। जिस कारण पीछे आने वाले वाहनों को रूकना पड़ता है और आम जन को जाम की समस्या से दो चार होना पड़ता है। वहीं जाम लगने के एक कारणों में सबसे बड़ा कारण यह भी है कि यहां पर्यटको के अलावा स्थानीय लोगों के पास भी वाहनो की कमी नहीं है जबकि राजधानी की सड़कें अब उतना ट्रैफिक झेल पाने में अक्षम है। ऐसे ही कुछ अन्य कारण भी है जिससे आये दिन राजधानी देहरादून को जाम का झाम झेलना पड़ता है। राजधानी में तैनात होने वाला हर अधिकारी पहले दिन से ही देहरादून को जाम की समस्या से निजात दिलाने की बात करता है लेकिन यह आज तक संभव नहीं हो सका है। पुलिस प्रशासन को अगर इस जाम की समस्या से आम जन का निजात दिलाना है तो उसे सबसे पहले धरातल पर काम करने की जरूरत है। नहीं तो यह समस्या आये दिन बढ़ती ही रहेगी और आम आदमी को हर दिन इस समस्या से दो चार होना पड़ेगा।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक की मौत

संवाददाता

देहरादून। अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक की मौत के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेशम माजरी लालतप्पड निवासी ओमदेई नेे डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर कराते हुए बताया कि उसके पति उदय पैदल घर की तरफ आ रहे थे जब वह माजरी चौक पर पहुंचे तभी अज्ञात वाहन ने उनको अपनी चपेट में ले लिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी थी।

## बालश्रम कराने पर दो पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। बाल श्रम कराने पर पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रम प्रवर्तन अधिकारी आनन्द ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उन्होंने योग नगरी रेलवे स्टेशन केक पास भोला चौहान व सुनील के प्रतिष्ठानों पर छापा मारा तो वहां पर नाबालिगों से काम लिया जा रहा था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## शराब के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ दो लोगो को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रानीपोखरी थाना पुलिस ने शान्ति नगर तिराहे पर एक मोटरसाईकिल सवार को रूकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देख मोटरसाईकिल को तेजी से भगा ले गया। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 64 पव्वे शराब के बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम मिथुन साहनी पुत्र देव नारायण निवासी जाखन नदी रानीपोखरी बताया। वहीं ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने एम्स रोड पर काली कमली आश्रम के पास से एक व्यक्ति को 48 पव्वे शराब के साथ गिरफ्तार किया जिसने अपना नाम शैलेश पटेल पुत्र कनक राम पटेल निवासी शिवाजी नगर ऋषिकेश बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया।

## मकान का ताला तोड जेवरात व नगदी चोरी

संवाददाता

देहरादून।। चोरों ने मकान का ताला तोड वहां से लाखों के जेवरात व नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमित ग्राम निवासी सुनीता देवी ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह परिवार के साथ बाहर गयी थी। आज जब वह घर आयी तो उसने देखा कि उसके मकान का ताला टूटा हुआ था तथा अन्दर सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर उसके यहां से जेवरात व नगदी चोरी करके ले गये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वारः धामी सरकार का जनसेवा अभियान बना सुशासन का सशक्त मॉडल

कार्यालय संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में संचालित "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान उत्तराखंड में सुशासन और पारदर्शी प्रशासन का प्रभावी उदाहरण बनकर उभरा है। प्रदेश के सभी 13 जनपदों में निरंतर आयोजित हो रहे बहुउद्देशीय शिविरों के माध्यम से सरकार सीधे जनता तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है।

विगत दिवस तक प्रदेशभर में कुल 638 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इन शिविरों में अब तक 4,97,107 नागरिकों ने प्रतिभाग कर अपनी समस्याएं और मांगें दर्ज कराई हैं। केवल आज ही 7 शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें 4,306 नागरिकों ने भाग लिया। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि धामी सरकार का यह अभियान जनसरोकारों से सीधे जुड़कर परिणाम दे रहा है। अभियान के अंतर्गत अब तक कुल 48,562 शिकायत पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 32,583 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। केवल आज ही 411 शिकायतें प्राप्त हुई और 261 शिकायतों का त्वरित समाधान किया गया। इससे स्पष्ट है कि सरकार केवल शिकायतें सुन ही नहीं रही, बल्कि समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण भी सुनिश्चित कर रही है। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र जारी करने तथा आवेदन पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया के अंतर्गत अब तक 69,746 प्रकरणों में कार्रवाई की गई है। आज के शिविरों में 353 प्रमाण पत्र/आवेदन से संबंधित कार्य संपन्न हुए। यह पहल आमजन को कार्यालयों के चक्कर लगाने से मुक्ति दिलाकर सेवाओं को उनके द्वार तक पहुंचाने का कार्य कर रही है।

अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से भी बड़ी संख्या में नागरिकों को लाभान्वित किया गया है। अब तक 2,76,646 व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं से लाभ मिला है, जिनमें से 2,542 लाभार्थी केवल आज के शिविरों में जोड़े गए। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि सरकार की योजनाएं केवल कागजों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि जमीनी स्तर पर व्यापक प्रभाव उत्पन्न कर रही हैं। जनपदवार आंकड़े भी इस अभियान की व्यापकता को रेखांकित करते हैं। हरिद्वार, देहरादून, उधम सिंह नगर, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा सहित सभी जिलों में बड़ी संख्या में नागरिकों की सहभागिता और शिकायतों का समाधान हुआ है। विशेष रूप से पिथौरागढ़, पौड़ी, नैनीताल, उधम सिंह नगर और उत्तरकाशी में आज भी शिविरों का आयोजन कर नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रशासन को जनोन्मुखी, जवाबदेह और पारदर्शी बनाना है। "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान इसी संकल्प का जीवंत उदाहरण है, जिसके माध्यम से सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# सत्यापनः 42 पुलिस टीमों की बड़ी कार्रवाई, संदिग्धों पर कसी नकेल

हमारे संवाददाता



उधमसिंहनगर। राज्य में बढ़ते अपराधों के मद्देनजर आज जनपद उधमसिंह नगर में पुलिस ने संदिग्धों की निगरानी हेतू सत्यापन अभियान चलाया गया। जिसमें पुलिस की 42 टीमों द्वारा संदिग्ध ों पर नकेल कसी गयी।

एसएसपी द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया था कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में नियमित रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों की जांच सुनिश्चित करें साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों से लेकर बाजारों तक सख्ती से कार्यवाही करें। निर्देशों के अनुपालन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस की अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। इन टीमों द्वारा सीमावर्ती चेक पोस्टों, आंतरिक मार्गों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में आकस्मिक रूप से चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जनपद में प्रवेश करने वाले सभी व्यक्तियों एवं वाहनों की गहन जांच की गई। साथ ही संदिग्ध रूप से घूम रहे व्यक्तियों से पूछताछ कर उनके पहचान पत्रों, निवास संबंधी दस्तावेजों एवं गतिविधियों का सत्यापन किया गया। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस एक्ट के अंतर्गत विधिक कार्रवाई करते हुए चालान की कार्रवाई भी की गई।

# यातायात पुलिस ने चलाया चैकिंग अभियान, 52 के किये चालान

## नशे की हालत में वाहन चलाने पर एक मोटर साइकिल चालक गिरफ्तार

संवाददाता



उत्तरकाशी। यातायात पुलिस ने चैकिंग अभियान चलाते हुए 52 के चालान कर एक वाहन चालक को नशे की हालत में होने पर उसको गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

आज यहां बढ़ती सडक दुर्घटनाओं को देखते हुये दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी, श्रीमती कमलेश उपाध्याय के निर्देशन में गत सांय को यातायात पुलिस की टीम द्वारा उत्तरकाशी जनपद मुख्यालय में चैकिंग अभियान चलाकर यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। बिना हेलमेट, तीन सवारी, ओवरस्पीड, नो पार्किंग आदि यातायात नियमों का उलंघन करने पर 52 के एमवी एक्ट मे चालान किये गये। जिसमें नशे की हालत में वाहन चलाने पर एक मोटरसाइकिल चालक को यातायात पुलिस द्वारा गिरफ्तार तथा वाहन को सीज कर कोतवाली उत्तरकाशी दाखिल किया गया। उत्तरकाशी पुलिस सभी वाहन चालकों तथा आमजनमानस से अपील करती है कि यातायात नियमों का पालन करें, दोपहिया वाहन पर हेलमेट का प्रयोग करें, तीन सवारी न बैठायें, ओवर स्पीड, रैश ड्राइविंग तथा नशे की हालत में वाहन चलाने से बचें। सडक सुरक्षा तथा यातायात के नियम हमारी सुरक्षा तथा जीवन की रक्षा के लिये बेहद उपयोगी हैं। उत्तरकाशी पुलिस का वाहन चैकिंग अभियान जारी है। यातायात नियमों का उलंघन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जायेगी।

# सरकार लालढांग-चिल्लरखाल मार्ग पर बनाए एलिवेटेड रोड

कोटद्वार(आरएनएस)। महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश महामंत्री रंजना रावत ने लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग के निर्माण पर लगी रोक हटने पर खुशी व्यक्त करते हुए इसके लिए सभी संगठनों को बधाई दी। उन्होंने केंद्र व राज्य की डबल इंजन सरकार से जल्द इस मार्ग पर एलिवेटेड रोड बनाने की मांग की। कहा कि यदि सरकार ने मार्ग निर्माण में कोताही की तो कांग्रेस आंदोलन को बाध्य होगी। रविवार को पत्रकार वार्ता में उन्होंने यह बात कही। कहा कि चिल्लरखाल में मार्ग निर्माण को लेकर पिछले 15० दिनों से क्षेत्रवासी आंदोलनरत थे। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद हम मार्ग निर्माण की दिशा में अभी एक कदम आगे बढ़े हैं। सरकार बार-बार यह कह रही थी कि अभी हमें सुप्रीम कोर्ट से मंजूरी नहीं मिली है लेकिन अब कोर्ट से निर्माण कार्य पर लगी रोक हट गई है। गेंद अब प्रदेश सरकार के पाले में है। उन्होंने प्रदेश सरकार से सवाल किया कि अब मार्ग निर्माण को लेकर सरकार का क्या स्टैंड है और सरकार मार्ग को किस तरह से बनाने जा रही है। सरकार इस पर एक ऐसा माइलस्टोन स्थापित करे जिससे आने वाले समय पर किसी सरकार को इस पर काम न करना पड़े। कांग्रेस नेत्री रंजना रावत ने कहा कि कोटद्वार-रामनगर कंडी मार्ग पर भी वाहनों की आवाजाही शुरू होनी चाहिए। साथ ही इस मार्ग का निर्माण भी होना चाहिए। कहा कि कंडी मार्ग के बनने से गढ़वाल व कुमाऊं मंडल आपस में जुड़ सकेंगे। दोनों मंडलों के बीच की दूरी 85 किमी कम हो जाएगी।

## 15 दिवसीय एस्ट्रो गाइड प्रशिक्षण हुआ संपन्न

चमोली। पर्यटन विभाग के सौजन्य से एस्ट्रो विलेज बेनीताल में स्थानीय युवाओं को 15 दिवसीय एस्ट्रो गाइड प्रशिक्षण संपन्न हो गया है। प्रशिक्षण में स्टारस्केप एक्सपीरिएंस कंपनी के माध्यम से युवाओं को एस्ट्रो फोटोग्राफी सहित अन्य खगोलीय गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर स्वेता ध्यानी ने बताया कि प्रशिक्षण में युवाओं को प्रयोगात्मक जानकारी भी दी गई। पर्यटन अधिकारी अरविंद गौड़ ने बताया कि बेनीताल में पर्यटन की अपार संभावना है। ऐसे में यहां के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए एस्ट्रो गाइड प्रशिक्षण आयोजित किया गया। समापन अवसर पर प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर विरेंद्र सिंह मिंगवाल, सुनील कठैत आदि मौजूद रहे।

## यूकेडी ने निकाली रैली, 70 सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान

चमोली(आरएनएस)। उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) ने भाजपा और कांग्रेस पर प्रदेश के जल, जंगल और जमीन के मुद्दों को उलझाए रखने का आरोप लगाते हुए बाजार में रैली निकालकर जनसभा की। पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 7० सीटों पर चुनाव लड़ने और सरकार बनाने का दावा किया। यूकेडी युवा प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष आशीष नेगी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने परखाल तिराहे से मुख्य बाजार तक नारेबाजी करते हुए रैली निकाली। बस स्टैंड पर आयोजित सभा में नेगी ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस ने बारी-बारी से प्रदेश में शासन किया लेकिन 25 वर्ष बाद भी स्थायी राजधानी का निर्णय नहीं हो पाया। उन्होंने आरोप लगाया कि पहाड़ी क्षेत्रों में डाकघरों तक में बाहरी राज्यों के कर्मियों की नियुक्ति की जा रही है व विकास के नाम पर शराब की दुकानें खोलकर युवाओं को नशे की ओर धकेला जा रहा है। प्रदेश में बढ़ती हत्याओं को उन्होंने लचर कानून व्यवस्था का परिणाम बताया। नेगी ने कहा कि यूकेडी सत्ता परिवर्तन के लिए सभी 7० सीटों पर चुनाव लड़ेगी और सरकार बनाकर रोजगार के अवसर सृजित कर पलायन रोकने का काम करेगी। इस अवसर पर संगठन मंत्री जमन सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष माही चमोला, कुलदीप रावत, राहुल नेगी, मन्नू नेगी और दर्शन रावत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मांडो गदेरे में सुरक्षात्मक कार्यों पर उठे सवाल

उत्तरकाशी(आरएनएस)। मांडो गांव के गदेरे में सिंचाई विभाग की ओर से किए गए सुरक्षात्मक कार्यों पर स्थानीय लोगों ने नाराजगी व्यक्त की है। ग्रामीणों का कहना है कि वहां पर मात्र दो से तीन फीट की वायरक्रेट दीवार लगाकर इतिश्री कर दिया गया है। साथ ही विभाग की ओर से गदेरे में पड़े मलबे को चैनालाइज करने का दावा किया जा रहा है लेकिन वहां पर मलबा अभी भी उसी तरह पसरा हुआ है। मांडो गांव के नरेंद्र चौहान, रविंद्र गुसाईं, प्रीतम चौहान, इंद्रेश उनियाल ने कहा कि वर्ष 2०21 में मांडो गदेरे में आई आपदा के कारण तीन लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। साथ ही गांव के कई घरों को अभी भी खतरा बना हुआ है। उसके बाद सिंचाई विभाग की ओर से वहां पर सुरक्षात्मक कार्य किए गए लेकिन वह भी पूरी सुरक्षा नहीं दे पाए। ग्रामीणों की मांग के बाद अब प्रशासन की ओर से सिंचाई और लघु सिंचाई विभाग को वहां पर सुरक्षात्मक कार्य और गदेरे में हौज बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। सिंचाई विभाग की ओर से वहां पर कुछ दिन पूर्व चैनालाइज का कार्य और करीब सात लाख की लागत से वायरक्रेट दीवार लगाने का कार्य किया गया लेकिन उसमें मात्र 2० से तीस मीटर लंबी दीवारों के साथ की करीब तीन फीट ऊंची दीवार लगाई गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि वहां पर मलबा अभी भी पड़ा हुआ है। वह कभी भी बरसात में खतरा बना सकता है। हल्की सी बरसात में वह सड़क पर बहने के बाद घरों में मलबा घुसता रहता है। साथ ही जो दीवारें लगाई गई हैं, उनसे मानसून में किसी भी प्रकार की सुरक्षा नहीं हो सकती है। सिंचाई विभाग के अवर अभियंता गौरव बहुगुणा ने बताया कि अभी वहां पर 2० वायरक्रेट दीवार ओर लगनी है। किसी विवाद के कारण कार्य रुका हुआ है।

# आमसौड़-जमरगड्डी मार्ग के डामरीकरण व तीन पुलों के निर्माण की जगी उम्मीद

कोटद्वार(आरएनएस)। खस्ताहाल आमसौड़-जमरगड्डी मार्ग व प्रस्तावित तीन स्टील पुलों के निर्माण की अब उम्मीद जगी है।

शासन ने 5० लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। निर्माण कार्य के लिए रेट रिवाइज की प्रक्रिया पूरी होने के बाद टेंडर की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। शासन ने वर्ष 2०18-19 में पांच किमी आमसौड़-जमरगड्डी मार्ग के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की थी। प्रथम चरण के कार्यों के लिए 321.22 लाख का बजट आवंटित किया गया था। कार्यदायी संस्था नेशनल प्रोजेक्ट कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन (एनपीसीसी) पीआईयू दुगड्डा की ओर से रोड कटिंग का कार्य किया गया था। शासन की ओर से वर्ष 2०2० में द्वितीय चरण के निर्माण कार्य के लिए 231.6० लाख की धनराशि आवंटित की गई जिसके तहत कॉजवे व डामरीकरण का कार्य किया जाना था। कार्यदायी संस्था ने मार्ग का डामरीकरण किया। वर्ष 2०22 में शासन ने झवाणासार गदेरे में पुल निर्माण के लिए 1.72 करोड़ रुपये, काटल गांव के समीप सुनारी गदेरे में पुल निर्माण के लिए 1.52 करोड़ रुपये, जमरगड्डी मल्ली में पुल के लिए 1.68 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की।

वहीं, आपदा से क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत न होने से ग्रामीणों को आवाजाही करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 2०23 की आपदा में झवाणासार व सुनारी गदेरे में निर्माणाधीन दोनों पुलों के नीचे का अधिकांश हिस्सा निकट की पहाड़ी के दरकने से खस्ताहाल हो गया है। जमरगड्डी तल्ली गांव में ग्रामीण बलवंत सिंह के आवास के निकट सड़क का करीब सौ मीटर हिस्सा ध्वस्त होने से बरसात में गांव में भू-धंसाव का खतरा भी बना है। ग्रामीण बलवंत सिंह, पूर्व प्रधान अनीता देवी, यशपाल सिंह आदि ने तीनों पुलों का निर्माण व खस्ताहाल मार्ग के डामरीकरण की मांग उठाई है।

## कंडीसौड़ में सीवर लाइन बिछाने का प्रस्ताव पारित

उत्तरकाशी(आरएनएस)। चंबा-धरासू हाईवे पर बसे कंडीसौड़ बाजार में सीवर लाइन बिछाने का प्रस्ताव बैठक में पारित किया गया। सीवरेज सिस्टम न होने से चारधाम यात्रा के दौरान बाजार में गंदगी की समस्या बनी रहती है। कंडीसौड़ के ग्राम प्रधान सुमन सिंह गुसाईं की अध्यक्षता में हुई बैठक में कंडीसौड़ में सिवर लाइन बिछाए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति पारित किया गया। ग्राम प्रधान गुसाईं ने बताया कि होटलों और घरों से शौचालयों की निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण व्यावसायिक लोगों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। समस्या समाधान के लिए सीवर लाइन के निर्माण पर सभी ने सहमति जताई। कहा कि कंडीसौड़ बाजार को साफ और स्वच्छ बनाएं रखने के लिए सीवरेज सिस्टम जरूरी है। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस संबंध में शीघ्र क्षेत्रीय विधायक को पत्र देकर अवगत करवाया जाएगा। साथ ही उक्त प्रस्ताव को तैयार कर जिला योजना में शामिल करने के लिए जिलाधिकारी से आग्रह किया जाएगा। बैठक में उपस्थित ग्राम विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह राणा ने कहा स्वच्छता के क्षेत्र में ग्राम पंचायत यह अच्छी पहल है।

## सरकार की योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाएं भाजपा पदाधिकारी: प्रेमचंद

ऋषिकेश(आरएनएस)। विधायक प्रेमचंद अग्रवाल ने भाजपा रायवाला मंडल के विभिन्न मोर्चा प्रकोष्ठों के नवनियुक्त अध्यक्षों को सम्मानित किया। उन्हें प्रत्येक व्यक्ति तक भाजपा की नीतियों और सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का आह्वान किया। रायवाला में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक अग्रवाल ने युवा मोर्चा अध्यक्ष अनूप रावत, महिला मोर्चा अध्यक्ष बीना बंगवाल, किसान मोर्चा अध्यक्ष हरीश पैन्यूली, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष अजय साहू तथा अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष आशा देवी को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती में मोर्चा प्रकोष्ठों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और नवनियुक्त पदाधिकारियों के नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त एवं सक्रिय होगा। उन्होंने कहा कि सभी नवनियुक्त अध्यक्ष संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पार्टी को और मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। मौके पर रायवाला मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत आदि उपस्थित रहे।

## स्वामी श्रद्धानंद भारतीय नवजागरण के पुरोधा: शास्त्री

हरिद्वार(आरएनएस)। उत्तराखंड संस्कृत विवि के पूर्व कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र शास्त्री ने कहा है कि स्वामी श्रद्धानंद भारतीय नवजागरण के पुरोधा रहे। उन्होंने स्वामी दयानंद सरस्वती के सिद्धांतों को आगे बढ़ाकर समाज को नई दिशा दिखाई। गुरुकुल कांगड़ी विवि में स्वामी श्रद्धानंद की 171वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में वे बतौर मुख्य वक्ता पहुंचे। उन्होंने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद ने नारी शिक्षा, विधवा पुनर्विवाह, वैदिक शिक्षा के पुनरुत्थान और सामाजिक भेदभाव मिटाने के लिए उल्लेखनीय काम किए। कुलपति प्रो. प्रतिभा मेहता लूथरा ने कहा कि गुरुकुलीय शिक्षा पद्धति विदेशी प्रणाली की तुलना में अधिक संस्कारयुक्त है। कुलसचिव प्रो. सत्यदेव निगमालंकार ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद का जीवन राष्ट्रसेवा को समर्पित रहा। डॉ. हिमांशु पंडित ने संचालन किया, जबकि डॉ. दीनदयाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 828 रुपये में दिल की सारी जांचें, बुखार का प्रोफाइल 971 में होगा

देहरादून(आरएनएस)। दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अब मरीजों को अलग-अलग जांचों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और न ही ज्यादा जेब ढीली करनी होगी।

निदेशालय के निर्देश पर अस्पताल में पहली बार हेल्थ चेकअप पैकेज सुविधा शुरू होने जा रही है। इसके तहत महज 61० रुपये में मिनी हेल्थ चेकअप और 971 रुपये में बुखार की पूरी कुंडली (प्रोफाइल) जांची जा सकेगी। वहीं 828 रुपये में दिल की सभी जांचें होगी और 2००9 रुपये में कंपलीट हेल्थ चैकअप होगा। निजी लैबों से यहां पर पैकेज में जांच तीन गुना तक सस्ती हो जाएगी। चिकित्सा अधीक्षक (एमएस) डॉ. आरएस बिष्ट ने बताया कि चिकित्सा शिक्षा निदेशक डॉ. अजय आर्य के निर्देशों पर शुक्रवार को अस्पताल में इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

पंजीकरण प्रभारी विनोद नैनवाल ने सभी 17 पैकेजों को बिलिंग सिस्टम में अपडेट और दरें निकाल दी है। एमएस ने सीपीआरओ महेंद्र भंडारी, पंजीकरण प्रभारी विनोद नैनवाल और आयुष्मान समन्वयक दिनेश रावत को निर्देश दिए हैं कि वे जल्द से जल्द इसके लिए अलग कक्ष, पंजीकरण और बिलिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें। लैब से समन्वय बनाकर तकनीशियनों की ड्यूटी लगाने को भी कहा गया है। एक सप्ताह में मिलेगी सुविधा अस्पताल प्रशासन का लक्ष्य है कि एक सप्ताह के भीतर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत और सचिव डॉ. सचिन कुर्वे के हाथों इस योजना का विधिवत शुभारंभ कराया जाए, ताकि आम जनता को सस्ती दरों पर उच्च स्तरीय जांच सुविधा का लाभ मिल सके। ऐसे समझे दून अस्पताल और निजी लैबों में जांच दरों में अंतर पैकेज दून अस्पताल में दर निजी में डर एग्जीक्यूटिव पैकेज (3० वर्ष से अधिक आयु के लिए)= 1123 25०० हेल्दी हार्ट पैकेज= 828 15०० पीडियाट्रिक पैनल (बच्चों के लिए) 655 18०० रूटीन हेल्थ प्रोफाइल (मिनी हेल्थ चेक-अप) 61० 115० लिपिड प्रोफाइल= 2०० 5०० एनीमिया प्रोफाइल= 6०7 15०० फीवर पैनल-1= 971 24०० आर्थराइटिस प्रोफाइल/जोड़ों का दर्द= 1०62 26०० एंटीनेटल प्रोफाइल=746 195० कार्डियक इंजरी= 1195 3०5० पैनक्रियाटिक प्रोफाइल= 1187 18०० डायबिटीज प्रोफाइल= 12०7 25०० फर्टिलिटी प्रोफाइल= 1763 3००० ट्यूमर मार्कर= 3588 5००० विटामिन्स =8०० 14०० प्री-ऑपरेटिव प्रोफाइल= 1317 27०० कम्पलीट हेल्थ प्रोफाइल= 2००9 25००



# सुबह की चाय या कॉफी से ज्यादा ऊर्जा दे सकते हैं ये खाद्य पदार्थ

सुबह उठते ही आप सबसे पहला काम क्या करते हैं? ज्यादातर लोग शायद चाय या कॉफी पीते होंगे। ये पेय तरोताजा महसूस करवाते हैं और ऊर्जा देते हैं, जिससे दिन की शुरुआत अच्छी होती है। हालांकि, चाय और कॉफी का नियमित सेवन स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल सकता है। इनके बजाय आप सुबह उठकर इन खाद्य पदार्थों को खान-पान का हिस्सा बना सकते हैं। ये ऊर्जा तो देते ही हैं, साथ ही संपूर्ण स्वास्थ्य का समर्थन भी करते हैं।

केला

केले में प्राकृतिक मिठास और एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर को ऊर्जा देने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा इस फल में पोटेशियम और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व भी होते हैं। ये मांसपेशियों को आराम देने में सहायता कर सकते हैं और पूरे दिन आपको तरोताजा महसूस करा सकते हैं। इसमें मौजूद फाइबर पाचन स्वास्थ्य को दुरुस्त करता है, जिससे पेट सुबह ही अच्छी तरह साफ हो जाता है।



एवोकाडो

आप सुबह के नाश्ते में एवोकाडो भी खा सकते हैं, जो एक तरह का सुपरफूड है। सुबह इसे खाने से दिन की पोषक तत्वों और फाइबर से भरपूर शुरुआत मिलती है, जो दिमागी क्षमता को बढ़ाती है। इसके सेवन से आपका पेट देर तक भरा रहेगा और आप ज्यादा खाने से भी बच सकेंगे। इसमें मौजूद स्वस्थ वसा कार्बोहाइड्रेट के टूटने की प्रक्रिया को धीमा कर देती है, जिससे ब्लड शुगर का स्तर स्थिर रहता है।

ओट्स

ओट्स प्रोटीन से भरपूर होते हैं, जो सुबह के समय निरंतर ऊर्जा प्रदान कर सकते हैं। इनमें मौजूद घुलनशील फाइबर बीटा-ग्लूकन खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है, जिससे हृदय संबंधी बीमारियों को दूर रखने में मदद मिल सकती है। इनमें एंटी-ऑक्सीडेंट भी पाया जाता है, जो शरीर को ऊर्जावान रखने के साथ-साथ इसे आराम देने में सहायता कर सकता है। ओट्स का सेवन करने से भूख भी कम होती है।

बादाम

बादाम में प्रोटीन, फाइबर, विटामिन-श्व और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो दिमाग को ऊर्जा देने के साथ-साथ तरोताजा रखने में मदद कर सकते हैं। इनमें अच्छी वसा भी मौजूद होती है, जो मांसपेशियों को आराम देने में सहायक हो सकती है। इसके अलावा बादाम में मौजूद फाइबर पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में भी मदद कर सकता है। इसे खाने से त्वचा और बालों की देखभाल में भी मदद मिलती है।

सेब

सुबह एक सेब खाने से आपको प्राकृतिक रूप से ऊर्जा मिल सकती है। इसमें प्राकृतिक मिठास और फाइबर होता है, जो ऊर्जा बढ़ाने का काम करते हैं। इसमें मौजूद फाइबर पाचन क्रिया को बेहतर बनाने के साथ-साथ मांसपेशियों को आराम देने में भी सहायक होता है। इसे डाइट में शामिल करने से ब्लड शुगर नियंत्रित रहता है, वजन घटाने में मदद मिलती है और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन


# विकसित भारत के अग्रदूतों के भविष्य को संवारना

धर्मेंद्र प्रधान

इस वर्ष परीक्षा पे चर्चा का आयोजन भारत की शिक्षा यात्रा में शांत लेकिन निर्णायक परिवर्तन को रेखांकित करता है। माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में परिकल्पित यह पहल, जो 2018 में एक एकल वार्षिक संवाद के रूप में प्रारंभ हुई थी, आज स्वाभाविक रूप से एक जन आंदोलन का रूप ले चुकी है। अब यह एक राष्ट्रव्यापी सामूहिक प्रयास बन गई है, जिसमें विद्यार्थियों के समग्र कल्याण को केंद्र में रखा गया है और माता-पिता व शिक्षक इस साझा उत्तरदायित्व के सक्रिय सहभागी हैं।

इस वर्ष की सहभागिता का पैमाना इस पहल की गहराई को दर्शाता है। 4.5 करोड़ से अधिक पंजीकरणों के साथ परीक्षा पे चर्चा, पूर्व गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए अब जन-संपर्क से आगे बढ़कर सामूहिक स्वामित्व की एक महत्वपूर्ण अवस्था में प्रवेश कर चुकी है। यह अभूतपूर्व सहभागिता सक्षम वातावरण निर्मित करने के सामूहिक संकल्प को प्रतिबिंबित करती है, जहाँ प्रत्येक बच्चा सीख सके, विकसित हो सके और सही मायनों में फल-फूल सके।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का शिक्षा, अध्ययन और परीक्षा से जुड़े तनाव जैसे विषयों पर विद्यार्थियों के साथ संवाद सहानुभूति, व्यवहारिकता और प्रेरक नेतृत्व का विशिष्ट समन्वय प्रस्तुत करता है। सरलता, अनुशासन, आशावाद और मानव क्षमता में गहरी आस्था से परिपूर्ण उनके व्यक्तित्व ने लाखों बच्चों के मन पर गहरा और स्थायी प्रभाव अंकित किया है। औपचारिक प्रोटोकॉल की जटिलताओं से परे जाकर विद्यार्थियों से मार्गदर्शक, मेंटर और शुभचिंतक के रूप में जुड़ने की सहज क्षमता प्रधानमंत्री को विशिष्ट बनाती है। उनकी संवादात्मक, कथात्मक और आत्मीय शैली विद्यार्थियों को यह अनुभव कराती है कि उनकी बातें सुनी और समझी जा रही हैं। वे गर्मजोशी, हास्य और प्रामाणिकता के साथ संवाद करते हैं तथा अक्सर अपने जीवन के अनुभवों से उदाहरण लेकर धैर्य, एकाग्रता और आत्मबल जैसे व्यापक जीवन मूल्यों को सरलता से प्रस्तुत करते हैं। यह व्यक्तिगत स्पर्श परीक्षा से जुड़े दबावों को सहज बनाते हुए आश्वस्त और सकारात्मक वातावरण का निर्माण करता है, जहाँ विद्यार्थी आत्मविश्वास के साथ सीखने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं।

इस प्रयास के केंद्र में एक सरल किंतु अत्यंत सशक्त सत्य निहित है- हर बच्चा विशिष्ट है। प्रत्येक बच्चा अलग तरह से सीखता है, अपनी गति से आगे बढ़ता है और अपने भीतर ऐसी प्रतिभाएँ समेटे होता है, जिन्हें अंकों या रैंक तक सीमित नहीं रखा जा सकता।

परीक्षाएँ अपनी प्रकृति के अनुसार, बच्चे की क्षमता के सीमित पहलू को ही दर्शाती हैं। समग्र व्यक्तित्व के निर्माण के माध्यम से ही उसकी वास्तविक सृजनात्मकता और उत्कृष्टता का विकास होता है। कोई बच्चा गणित में उत्कृष्टता दिखा सकता है, कोई कलात्मक कल्पना में निपुण हो सकता है, और कोई करुणा के साथ संवेदनशील चिकित्सक बनने की क्षमता रखता है। ये भिन्नताएँ किसी तरह की कमी नहीं हैं; बल्कि यही विविध, सशक्त और नवोन्मेषी समाज की आधारशिला हैं।

यह दर्शन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के मूल में निहित है। इसके ढाँचे के अंतर्गत शिक्षण-पद्धतियों, पाठ्यक्रमों और मूल्यांकन प्रणालियों को एक वास्तविक बाल-केंद्रित दृष्टिकोण के अनुरूप पुनर्गठित किया जा रहा है, जहाँ शैक्षणिक अध्ययन के साथ-साथ सृजनात्मकता, आलोचनात्मक चिंतन, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, शारीरिक स्वास्थ्य और नैतिक मूल्यों के संवर्धन पर विशेष बल दिया गया है। प्रारंभिक वर्षों में खेल-आधारित शिक्षण पर इसका जोर इस तथ्य को स्वीकार करता है कि जिज्ञासा और आनंद ही आजीवन सीखने की सबसे सशक्त आधारशिलाएँ हैं।

शिक्षा के आरंभिक वर्षों में मातृभाषा में शिक्षा देने का उद्देश्य बच्चों को अवधारणाओं की बेहतर समझ प्रदान करना है, जबकि बहुभाषिकता पर दिया गया बल ऐसी पीढ़ी के निर्माण की परिकल्पना करता है जो अपनी सांस्कृतिक और भाषायी जड़ों के प्रति विश्वास रखती हो तथा भारतीय ज्ञान परंपराओं को वैश्विक मंच पर आगे बढ़ाने में सक्षम हो।

मूल्यांकन संबंधी सुधार भी इसी उद्देश्य को प्रतिबिंबित करते हैं। पहली बार कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएँ अब वर्ष में दो बार आयोजित की जाएँगी, जिससे विद्यार्थियों को अपने प्रदर्शन में सुधार के लिए अधिक लचीलापन मिलेगा और उच्च-दबाव वाली एकल परीक्षा से जुड़ा तनाव कम होगा। 360-डिग्री समग्र प्रगति कार्ड लागू किए गए हैं, जो केवल बच्चे की शैक्षणिक उपलब्धियों का ही आकलन नहीं करते, बल्कि उसके सामाजिक-भावनात्मक और शारीरिक विकास को भी समग्र रूप से दर्ज करते हैं। यह स्वीकार करते हुए कि तंदुरुस्ती सीखने का अभिन्न अंग है, प्रत्येक सीबीएसई विद्यालय में सामाजिक-भावनात्मक परामर्शदाताओं की नियुक्ति अनिवार्य की गई है, जो विद्यार्थियों को शैक्षणिक और भावनात्मक तनाव के प्रबंधन में निरंतर सहयोग प्रदान करेंगे। अंत में, हमारे समक्ष उत्तरदायित्व स्पष्ट है-बच्चों को किसी एक साँचे में ढलने के लिए विवश नहीं करना चाहिए, बल्कि प्रत्येक बच्चे की विशिष्ट क्षमताओं को पहचानना, उनका समर्थन करना और उन्हें सुदृढ़ बनाना चाहिए।

आज की शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तकों, परीक्षाओं और रटने तक सीमित नहीं रह गई है। समग्रता से सीखने पर स्पष्ट रूप से ध्यान दिया जा रहा है। यह भली-भाँति समझा जा चुका है कि केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता विद्यार्थियों को 21वीं सदी की चुनौतियों के लिए तैयार नहीं करती। चिंता, भय या भावनात्मक तनाव के बोझ तले बच्चे सार्थक रूप से नहीं सीख सकते। भारत की सभ्यतागत परंपराएँ इस स्थिति से निपटने के लिए पूर्ण जागरूकता या माइंडफुलनेस, प्राणायाम और योग जैसे स्थायी साधन प्रदान करती हैं।

## शब्द सामर्थ्य -045


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 44 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | | की | | खा | सो | आ | म |
| वा | | त | म | न्ना | | | जा | |
| न | जा | क | त | | बा | अ | द | ब |
| ल | | ली | | वि | ला | प | | हा |
| | अ | फ | सा | ना | | मा | हि | र |
| दा | ब | | | श | गु | न | | |
| न | | उ | प | का | र | | शि | |
| व | | त्स | | र | | त | क | ला |
| | सा | व | न | | गु | रु | वा | र |

# मोनालिसा की फिल्म द डायरी ऑफ मणिपुर का पहला लुक आया सामने!

महाकुंभ 2025 में करोड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच एक साधारण सी लड़की अचानक चर्चा का केंद्र बन गई थी नाम था मोनालिसा। माला बेचते हुए उनकी सादगी और खूबसूरती ने लोगों का ध्यान खींचा और देखते ही देखते सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें और वीडियो वायरल हो गए। कैमरों और रील्स के बीच खड़ी मोनालिसा की जिंदगी ने यहीं से एक नया मोड़ ले लिया। महाकुंभ के दौरान फिल्ममेकर सनोज मिश्रा की नज़र मोनालिसा पर पड़ी। उनकी सादगी और मासूमियत ने डायरेक्टर को इतना प्रभावित किया कि उन्होंने मोनालिसा को अपनी फिल्म में कास्ट करने का फैसला कर लिया। यहीं से मोनालिसा का सफर मेले से फिल्मों की दुनिया की ओर बढ़ा।

अब मोनालिसा अपनी पहली बड़ी फिल्म द डायरी ऑफ मणिपुर' की शूटिंग पूरी कर चुकी हैं। इस फिल्म में वह अभिनेता अमित राव के साथ नजर आएंगी, जो राजकुमार राव के भाई हैं। फिल्म के पूरा होने के साथ ही मोनालिसा का आत्मविश्वास भी साफ तौर पर झलकने लगा है। महाकुंभ के लगभग एक साल बाद मोनालिसा एक बार फिर प्रयागराज लौट रही हैं। इस बार वह माघ मेले में माला बेचने के लिए नहीं, बल्कि एक उभरती हुई बॉलीवुड अभिनेत्री के रूप में पहुंचेंगी। उनके लिए यह वापसी भावनात्मक भी है और ऐतिहासिक भी।



सनोज मिश्रा, जो गांधीगीरी' और शशांक' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, अब अपनी पूरी टीम के साथ माघ मेले में शामिल होने जा रहे हैं। फिल्म की शूटिंग पूरी होने के बाद टीम मां गंगा का आशीर्वाद लेने प्रयागराज पहुंचेगी, जिससे इस सफर को एक आध्यात्मिक पूर्णता मिलेगी। डायरेक्टर के मुताबिक, द डायरी ऑफ मणिपुर' की शूटिंग कई चरणों में पूरी की गई। पहले शेड्यूल की शूटिंग उत्तर प्रदेश के इटावा में हुई, फिर टीम मणिपुर पहुंची, जहां अलग-अलग लोकेशन्स पर अहम सीन फिल्माए गए। इसके बाद नेपाल में एक शेड्यूल पूरा किया गया और फिल्म का बड़ा हिस्सा देहरादून में शूट हुआ। पिछले हफ्ते फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली गई।

डायरेक्टर ने बताया कि मोनालिसा को अभी भी भाषा और उच्चारण में दिक्कत आती है। इसी वजह से फिल्म में उनके किरदार के लिए डबिंग का इस्तेमाल किया गया है। हालांकि इसके बावजूद उनकी एक्टिंग को लेकर डायरेक्टर बेहद संतुष्ट हैं और मानते हैं कि वह पूरी तरह से अपने रोल में ढल चुकी हैं। फिल्म द डायरी ऑफ मणिपुर' मणिपुर की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसमें हिंसा और संघर्ष के माहौल के बीच पनपती एक प्रेम कहानी दिखाई जाएगी। फिल्म में मोनालिसा एक नॉर्थ इंडियन लड़की का किरदार निभा रही हैं। एक साधारण मेले से शुरू हुआ यह सफर अब सिनेमा के बड़े पर्दे तक पहुंच चुका है और मोनालिसा की कहानी अभी बस शुरुआत है।

# फिल्म इक्का का टीजर जारी, ओटीटी पर सुनाई देगी सनी देओल की दहाड़

सनी देओल और अक्षय खन्ना अपनी-अपनी फिल्मों बॉर्डर 2 और धुरंधर की सफलता का जश्न मना रहे हैं। अब दोनों एक साथ डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। उनकी आगामी फिल्म इक्का का टीजर जारी कर दिया गया है, जिसे देखकर फैंस का उत्साह चरम पर है। सिद्धार्थ पी मल्होत्रा द्वारा निर्देशित फिल्म में, सनी एक हाई प्रोफाइल वकील के किरदार में हैं, वहीं धुरंधर के बाद अक्षय को फिर से नकारात्मक किरदार निभाते दिखाया गया है।

इक्का का टीजर जारी करते हुए लिखा गया, खून या खून का रिश्ता, किसके हाथ में है इस खेल का इक्का? जल्द नेटफ्लिक्स पर। टीजर में सनी हर बार की तरह दमदार लगे हैं। एक दृश्य में वो अक्षय को जोरदार थप्पड़ भी मारते हैं। दीया मिर्जा, तिलोत्तमा शोम, संजीदा शेख, ज्योति मुखर्जी, शिशिर शर्मा और आकांक्षा रंजन भी सीरीज का हिस्सा हैं। सीरीज का निर्माण मल्होत्रा और सपना मल्होत्रा ने एल्केमी फिल्म्स के बैनर तले किया है।

सनी ने इस टीजर में सिर्फ एक डायलॉग शट अप बोला है। टीजर में अक्षय खन्ना की झलक भी देखने को मिली है। उनका अंदाज़ भी लोगों का ध्यान खींच रहा है। सनी देओल के साथ उनका तीखा आमना-सामना दर्शकों का ध्यान खींच रहा है। अक्षय खन्ना का भी एक डायलॉग है। उन्होंने सिर्फ टिक टिक बूम बोला है। फिल्म इक्का कोर्टरूम ड्रामा है, जिसमें कानून, रिश्ते और नैतिक दुविधाओं की टक्कर देखने को मिलेगी। फिल्म इक्का में सनी देओल और अक्षय खन्ना के अलावा दीया मिर्जा, तिलोत्तमा शोम और संजीदा शेख की झलक भी देखने को मिल रही है। सिद्धार्थ पी. मल्होत्रा निर्देशित इस फिल्म की रिलीज डेट का अभी तक आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है।

# तू या मैं में मेरा किरदार साइड रोल नहीं, कहानी की मजबूत कड़ी है- पारुल गुलाटी

बॉलीवुड और ओटीटी की दुनिया में लगातार अपनी अलग पहचान बना रहीं अभिनेत्री पारुल गुलाटी इन दिनों अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। अभिनय के साथ-साथ एक सफल उद्यमी के तौर पर भी अपनी पहचान रखने वाली पारुल अब थ्रिलर फिल्म तू या मैं में नजर आएंगी। उन्होंने हाल ही में इस फिल्म और अपने किरदार को लेकर खुलकर बात की है और इसे अपने करियर का एक बेहद खास मौका बताया। फिल्म तू या मैं में पारुल गुलाटी के साथ आदर्श गौरव और शनाया कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय कर रहे हैं, जिनकी फिल्मों की पहचान भावनाओं, रिश्तों और गहराई से जुड़ी कहानियों के लिए रही है। इस फिल्म में पारुल लायरा नाम का किरदार निभा रही हैं, जो शनाया कपूर के किरदार की करीबी दोस्त और मैनेजर है। फिल्म का हिस्सा बनने पर पारुल ने कहा, आनंद एल राय का सिनेमा मुझे हमेशा से आकर्षित करता रहा है। फिल्म की कहानी नाटकीय होने के साथ-साथ भावनात्मक रूप से शानदार है और दर्शकों को भीतर तक छू जाएगी।



पारुल ने अपने किरदार को लेकर बताया, मेरा किरदार लायरा सिर्फ एक दोस्त नहीं है बल्कि एक ऐसा इंसान है जो हर मुश्किल में साथ खड़ी रहती है, सही सवाल पूछती है, जरूरत पड़ने पर टोकती भी है और बिना शर्त समर्थन करती है। मैं इस किरदार को निभाकर बेहद खुश हूं और अभी भी इस एहसास में डूबी हुई हूं कि मुझे इतना अहम रोल निभाने का मौका मिला है।

पारुल ने कहा, लायरा कोई साधारण या साइड कैरेक्टर नहीं है, बल्कि कहानी की भावनात्मक रीढ़ है। यह किरदार फिल्म की कहानी को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाती है। मेरे लिए यह अनुभव इसलिए भी खास है क्योंकि मैं ऐसी फिल्मों का हिस्सा बनना चाहती थी जिनमें किरदारों की गहराई हो और कहानी दिल से जुड़ी हो। इस फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा है।

आनंद एल राय के साथ काम करने के अनुभव को लेकर पारुल गुलाटी ने कहा, एक कलाकार और एक क्रिएटर के तौर पर इससे बेहतर सहयोग शायद मुझे कभी नहीं मिल सकता था। आनंद एल राय की फिल्में वही सिनेमा हैं, जिनकी ओर मैं हमेशा खिंचती रही हूं। यह एक ऐसा दुर्लभ मौका है, जो जिंदगी में कम ही मिलता है, जहां बड़ी स्क्रीन की भव्यता के साथ-साथ कहानी में दिल और भावना दोनों मौजूद हों।

पारुल गुलाटी ने फिल्म की पूरी टीम के प्रति आभार भी जताया। उन्होंने कहा, मैं मेकर्स की शुक्रगुजार हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मुझे लायरा जैसा मजबूत किरदार सौंपा। मेरे लिए एक अनोखी थ्रिलर और क्रिएचर यूनिवर्स का हिस्सा बनना बेहद खास अनुभव है। मैं इस फिल्म को लेकर बहुत खुश, आभारी और उत्साहित हूं और चाहती हूं कि दर्शक इसे बड़े पर्दे पर जरूर देखें।

# बॉर्डर-2 में रोल मिलने पर खुशी से रो पड़ी थी मेधा राणा



सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर फिल्म बॉर्डर-2 बॉक्स ऑफिस पर शानदार कलेक्शन कर रही है। फिल्म में लीड रोल्स की चर्चा हर कोई कर रहा है, लेकिन फिल्म में मेधा राणा ने भी महत्वपूर्ण रोल प्ले किया है। मेधा ने मेजर होशियार सिंह दहिया की पत्नी धनवंती देवी का रोल प्ले किया है, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि अभिनेत्री खुद एक आर्मी परिवार से ताल्लुक रखती हैं और वे उस डर और इमोशंस को जी चुकी हैं, जिन्हें फिल्म में दिखाया गया है। बॉर्डर-2 जैसी फिल्म में सेलेक्ट होने के अनुभव पर मेधा राणा ने कहा, जब मुझे पहली बार कॉल आया तो मैं खुशी से रो पड़ी थी। फिल्म के लिए मैंने कई राउंड ऑडिशन दिए थे और कास्टिंग डायरेक्टर छाबड़ा सर ने मुझे बुलाकर सामने से बताया था कि मैं सेलेक्ट हो चुकी हूं। वो पल मेरे लिए सबसे प्यारा था और खुशी के मारे मैं बहुत रोई थी। मैंने कभी नहीं सोचा था कि इतनी बड़ी फिल्म में मुझे काम करने का मौका मिलेगा। अब काम करने के बाद खुद पर धीरे-धीरे यकीन कर पा रही हूं।

फिल्म में मेधा ने मेजर होशियार सिंह दहिया की पत्नी धनवंती देवी का किरदार निभाया है। अपने किरदार पर बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, ये किरदार इमोशनली बहुत स्ट्रांग था क्योंकि ये उन पत्नियों की हिम्मत को दिखाता है, जिन्होंने देश के लिए सब कुछ दांव पर लगा दिया। जब मुझे पहली बार स्क्रिप्ट पढ़ने के लिए दी गई तो मैं समझ गई कि किरदार बहुत सारी जिम्मेदारी और इमोशंस के साथ आता है।

अभिनेत्री ने आगे कहा, मेरे परिवार की तीन पीढ़ियों ने आर्मी में सेवा दी है और मेरे पापा आज भी सेवाएं दे रहे हैं और यही कारण है कि इस फिल्म को पूरी जिम्मेदारी से निभाना मेरा फर्ज था। हमने भी उन इमोशंस को जिया है, जो फिल्म में पर्दे पर दिखाए गए हैं।

बॉर्डर-2 में बॉर्डर से अलग क्या देखने को मिलेगा के सवाल पर मेधा ने बताया कि हर फिल्म का किरदार अलग है और इमोशन और हिम्मत से भरा है। फिल्म में प्यार, इमोशन, फैमिली, और हिम्मत को दिखाया गया है क्योंकि नहीं पता कि वापस कब लौट पाएंगे। चारों किरदार अलग हैं, लेकिन चारों कहानी ही पूरी फिल्म को बनाती हैं। फिल्म को लेकर खुद को तैयार करने के सवाल पर मेधा ने बताया कि जो मेरा किरदार है, वो मेरी नानी पहले जी चुकी हैं, क्योंकि 1971 के समय मेरी मां का जन्म हुआ था और नाना की पोस्टिंग बांग्लादेश में थी। मेरी नानी ने मुझे बहुत सारी कहानियां और टिप्स भी दीं, जिससे मुझे फिल्म के किरदार को निभाने में बहुत मदद मिली। वरुण धवन के साथ काम करने के एक्सपीरियंस पर मेधा ने कहा, उनके साथ काम करके बहुत मजा आया और शूटिंग के समय काफी कुछ सीखने को मिला। सेट पर पहला दिन काफी नर्वसनेस के साथ बीता था, लेकिन वरुण ने काफी मदद की।

# चिल्लरखाल मार्ग निर्माण की मांग को लेकर धरने पर डटे रहे लोग

कोटद्वार(आरएनएस) । लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण आंदोलन के तहत 156वें दिन भी लोग धरने पर डटे रहे। धरने पर डटे प्रवीण थापा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद क्रमिक अनशन और रात्रि का धरना स्थगित कर दिया गया है। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक धरना निरंतर जारी रहेगा। पूर्व सैनिक संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष देवेंद्र रावत ने सरकार और जनप्रतिनिधियों को चेताया कि अगर सरकार जल्द से जल्द एलिवेटेड रोड का निर्माण 24 घंटे यातायात के अनुसार सुनिश्चित नहीं करती, तो आमरण उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। कहा कि लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग मात्र 18 गांव और 40 हजार लोगों के लिए ही उपयोगी नहीं, बल्कि इस मार्ग से 6 विधानसभाओं के लगभग 5 से 7 लाख लोग सीधे लाभान्वित होंगे। रविंद्र सौंद ने कहा कि लालढांग-चिल्लरखाल मार्ग एलिवेटेड बनने से लालढांग, कोटद्वार ही नहीं गढ़वाल का भी विकास संभव हो सकेगा और जनता की बहुत पुरानी मांग पूरी हो सकेगी। प्रदर्शन में प्रकाश रावत, मधुसूदन नेगी, कृपाल सिंह गुसाईं, पीतांबर कपटियाल, देवीदत्त, नरेश धस्माना, गणेश रावत, मोहन जोशी, इंदु नौटियाल, दीपा अधिकारी, पुष्पा मेहरा, रेखा, अंजू आदि शामिल रहे।

धरना प्रदर्शन के साथ किया जलाभिषेक = लालढांग-चिल्लरखाल मार्ग के लिए आंदोलनरत लोगों ने धरना प्रदर्शन के साथ ही महाशिवरात्रि पर्व होने के चलते मानदेवपुर मंदिर पहुंचकर जल चढ़ाया। वहीं, कुछ आंदोलनकारियों द्वारा कांवड़ यात्रा कर भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया।

## नशा मुक्ति और जागरूकता संदेश के साथ साइकिल यात्रा पर निकले बिपाल सिंह अल्मोड़ा पहुंचे

अल्मोड़ा(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल के बांकुरा जिले के बिपाल सिंह देशव्यापी जनजागरूकता अभियान के तहत साइकिल यात्रा करते हुए अल्मोड़ा पहुंचे। उन्होंने बताया कि 20 नवंबर 2023 को उन्होंने पश्चिम बंगाल से अपनी यात्रा शुरू की थी, जिसका उद्देश्य देशभर में नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। अल्मोड़ा पहुंचने पर बिपाल सिंह ने बताया कि यह यात्रा केवल एक साधारण साइकिल यात्रा नहीं, बल्कि समाज में बढ़ते नशे के दुष्प्रभावों के खिलाफ एक अभियान है। इसके माध्यम से वह युवाओं को नशे से दूर रहने, सुरक्षित वाहन चलाने और वृक्षारोपण के प्रति प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तक वह चार धाम और देश के 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन कर चुके हैं और हर स्थान पर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया है। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान वह लोगों को पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति भी जागरूक कर रहे हैं। देश को नशा मुक्त बनाने के संकल्प के साथ उन्होंने विभिन्न स्थानों पर लोगों से संवाद किया है और युवाओं से सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया है।

## विकास कार्यों से सीमांत तल्लादेश को मिलेगी नई रफ्तार

चम्पावत(आरएनएस)। जनपद के सीमांत तल्लादेश क्षेत्र में मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद विभिन्न विकास कार्यों को नई गति मिलने जा रही है। जिला पंचायत सदस्य शैलेश जोशी के प्रयासों से क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं स्वीकृत हुई हैं। संबंधित विभागों ने कार्यों को शीघ्र धरातल पर उतारने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। घोषणा के अंतर्गत नीड़ में आरोग्य मंदिर एवं एएनएम उपकेंद्र का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त रमैला-गागरी-दमतोला मोटर मार्ग का सुधारीकरण, तामली क्षेत्र के पांच किलोमीटर मार्गों में इंटरलॉकिंग टाइल्स का निर्माण, मंच कारी मोटर मार्ग का डामरीकरण तथा चूका-सौरई और बंडा तोक में बाढ़ सुरक्षा कार्य कराए जाएंगे।

## लकड़ी के पोल के सहारे हो रही बिजली की सप्लाई

ऋषिकेश(आरएनएस)। ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत साहबनगर में करीब 20 वर्षों से बिजली की सप्लाई लकड़ी के पोल के सहारे की जा रही है, जो किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकती है। ग्राम पंचायत सदस्य मायाराम पैन्यूली ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन विभाग की ओर से लकड़ी के खंभे को बदला नहीं जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्मचारियों द्वारा अतिरिक्त शुल्क लेने की बात भी सामने आई है। पंचायत सदस्य का आरोप है कि कर्मचारियों ने कहा कि पैसा दो तो रातों-रात खंभा भी बदल दिया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस संबंध में जेई नरेश कश्यप का कहना है कि क्षेत्र में कहीं भी लकड़ी के पोल नहीं हैं, जबकि साहबनगर में लकड़ी के पोल के सहारे बिजली की आपूर्ति देखी जा सकती है।

## सीएचसी को फिर मिली अल्ट्रासाउंड मशीन की सौगात

पौड़ी(आरएनएस)। लगभग एक वर्ष के इंतजार के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउंड जांच सुविधा दोबारा शुरू होने जा रही है। मशीन स्थापित होने से आसपास के 100 से अधिक गांवों के लोगों को अब स्थानीय स्तर पर ही जांच सुविधा मिल सकेगी। पहले यह सेवा महंत इंद्रेश अस्पताल की ओर से पीपीपी मोड पर संचालित की जा रही थी लेकिन अनुबंध समाप्त होने के बाद क्षेत्रवासी महत्वपूर्ण सुविधा से वंचित हो गए थे। मशीन बंद होने से गर्भवती महिलाओं और अन्य मरीजों को जांच के लिए पौड़ी मुख्यालय या अन्य शहरों का रुख करना पड़ता था। पूर्व ब्लॉक प्रमुख डॉ. रजनी रावत ने कहा कि अल्ट्रासाउंड सेवा पुन: शुरू होने से विशेषकर गर्भवती महिलाओं को बड़ी राहत मिलेगी।

## नौ साल बाद भी अधूरी जौरासी-तोणजी सड़क, ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

चमोली(आरएनएस)। विकासखंड पोखरी में वर्ष 2017 से निर्माणाधीन नौ किमी लंबी जौरासी-तोणजी सड़क अब तक पूरी नहीं हो सकी है।

ग्रामीणों ने द्वितीय चरण के कार्यों में भारी लापरवाही और घटिया गुणवत्ता का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर कार्यदायी संस्था पर कार्रवाई और अधूरे निर्माण को शीघ्र पूरा कराने की मांग की है। चेतावनी दी कि मांग पूरी न होने पर पोखरी तहसील में आंदोलन शुरू किया जाएगा।

ग्रामीणों के अनुसार सड़क प्रथम चरण में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत साढ़े सात किमी हिल कटिंग तक सीमित रही जबकि द्वितीय चरण का कार्य एनपीसीसी को सौंपा गया। तोणजी और किमोठा के ग्रामीणों का कहना है कि सड़क कटिंग के दौरान जिन खेतों को क्षति पहुंची, उनका अब तक मुआवजा नहीं मिला।

कई बार शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। ज्ञापन भेजने वालों में सत्येंद्र सिंह नेगी, तोणजी की प्रधान राजेश्वरी देवी, किमोठा के प्रधान हरिकृष्ण किमोठी, पूर्व प्रधान मुकेश नेगी, मधुसूदन किमोठी, मातबर सिंह, हुकुम सिंह और हयात सिंह सहित अन्य ग्रामीण शामिल हैं।

## डांडा नागराजा परिसर में हुआ भव्य हिंदू सम्मेलन

पौड़ी(आरएनएस)। विकासखंड कोट स्थित श्री डांडा नागराजा मंदिर परिसर में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग शामिल हुए। इस दौरान कथा वाचक पं. गौरव जोशी ने हिंदुत्व और सनातन संस्कृति के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह डॉ. संजय ममगाईं ने संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने समाज परिवर्तन से जुड़ी पांच प्रमुख गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संगठित और जागरूक समाज ही राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

## पालिका में छह माह से ईओ का पद खाली, विकास कार्य प्रभावित

पौड़ी(आरएनएस)। जिला व मंडल मुख्यालय होने के बावजूद नगर पालिका में पिछले छह माह से अधिशासी अधिकारी (ईओ) का पद रिक्त पड़ा है। नियमित ईओ की तैनाती नहीं होने से पालिका के वित्तीय, प्रशासनिक व विकास कार्यों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

वर्तमान में नगर निगम श्रीनगर की सहायक नगर आयुक्त गायत्री बिष्ट ईओ का अतिरिक्त प्रभार संभाल रही हैं। अगस्त 2025 में तत्कालीन ईओ शांति प्रसाद जोशी का तबादला हुआ था। इसके बाद नगर पालिका टिहरी के ईओ संजय कुमार की तैनाती पौड़ी में की गई, लेकिन उन्होंने अब तक पदभार ग्रहण नहीं किया है।

25 अगस्त 2025 से प्रभार व्यवस्था के तहत कामकाज संचालित हो रहा है। नियमित ईओ के अभाव में नई योजनाओं की डीपीआर तैयार करने, शासन से पत्राचार, कर्मचारियों की निगरानी, निरीक्षण और समस्याओं के त्वरित समाधान जैसे कार्य प्रभावित हो रहे हैं। पालिकाध्यक्ष हिमानी नेगी ने बताया कि नियमित ईओ की तैनाती को लेकर शासन स्तर पर लगातार पत्राचार किया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि एक सप्ताह के भीतर पौड़ी में नियमित ईओ की तैनाती हो जाएगी।

## सु-दोकू क्र.045

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.44 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

# सुविधा कम मुसीबत अधिक बना है डोबरा-लंबगांव मोटर मार्ग

नई टिहरी(आरएनएस) प्रतापनगर क्षेत्र की लाइफ लाइन कहे जाने वाले डोबरा-लंबगांव मोटर मार्ग की सेहत सुधारने में लोनिवि प्रांतीय खंड बौराड़ी नाकाम साबित हो रहा है। डोबरा से लेकर मोटणा तक सड़क की सबसे अधिक खस्ताहाल स्थिति बनी है जो दुर्घटनाओं को न्योता दे रहा है। डोबरा से मोटणा तक आठ किमी सड़क पर जगह-जगह पुश्ते क्षतिग्रस्त हैं। हर दो कदम पर गड्ढों की भरमार है। जिला मुख्यालय से प्रतापनगर ब्लॉक क्षेत्र के दर्जनों गांवों को जोड़ने वाला डोबरा-चांठी-लंबगांव मोटर मार्ग क्षेत्र के लोगों को सुविधा कम मुसीबत अधिक बना हुआ है। इस मार्ग पर प्रतिदिन सैकड़ों वाहनों का आवागमन होता है। लेकिन सड़क की स्थिति खस्ताहाल बनी हुई है। सबसे खराब स्थिति डोबरा से मोटणा के बीच आठ किमी परिधि में बनी हुई है। बीते अगस्त और सितंबर माह में आपदा से सड़क के जो पुश्ते क्षतिग्रस्त हुए थे उनकी मरम्मत तक नहीं हो पाई। डामरीकरण के अभाव में हर दो कदम पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए है। गड्ढों में दोपहिया वाहनों का संचालन मुश्किल से हो रहा है। दोपहिया वाहन सवारों को जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ रहा है। पुश्तों और गड्ढों की मरम्मत न होने से धूल मिट्टी इतनी उड़ रही है आगे पीछे चलने वाहन स्पष्ट नहीं दिखाई दे रहे है। जिससे दुर्घटना का भय बना रहता है। स्थानीय लोग लंबे समय से सड़क मरम्मत की मांग करते आ रहे है, लेकिन कार्यदायी संस्था लोनिवि प्रांतीय खंड बौराड़ी समस्या का समाधान नहीं कर पा रहा है। जिससे स्थानीय लोगों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है।




# मुख्यमंत्री ने पांच किलोमीटर दौड़ का किया फ्लैग ऑफ

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित 5 किलोमीटर दौड़ का फ्लैग ऑफ किया।

आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कैंट रोड, देहरादून से सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित 5 किलोमीटर दौड़ का फ्लैग ऑफ किया। विभिन्न आयु वर्गों के बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने इस दौड़ में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यातायात के नियमों का पालन करना एवं पर्यावरण की रक्षा प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। सड़क सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर विधायक खजान दास, श्रीमती सविता कपूर एवं परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# सुरक्षा पर सवालः एचआरडीए कार्यालय में नशेड़ी ने मचाया उत्पात

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। रूड़की विकास प्राधिकरण कार्यालय में आज सुबह उपाध्यक्ष सोनिका के कार्यालय में एक नशेड़ी के सोते हुए मिलने से हड़कंप मच गया। नशेड़ी रात के समय उपाध्यक्ष के कार्यालय में घुसा और जमकर उत्पात मचाते हुए तोड़फोड़ की। इतना ही नहीं, उसने कार्यालय में लगी कुर्सियों की सीटें तक फाड़ डाली और वहीं सो गया। मामले की जानकारी आज सुबह तब हुई जब कर्मचारी दफ्तर पहुंचे तो नशेड़ी को सोता पाया। कर्मचारियों को देख नशेड़ी फरार हो गया अब पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। वहीं, प्राधिकरण में होमगार्ड से लेकर निजी सुरक्षा कर्मियों की पूरी फौज मौजूद है। ऐसे में रात के समय किसी नशेड़ी का कार्यालय में और सीधे तौर पर उपाध्यक्ष के कार्यालय में घुसकर उत्पात मचाना और फिर वहीं सो जाना। अपने आप में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े करता है।




# चरस के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

टिहरी। पुलिस ने एक किलो चरस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया गया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार उत्तराखंड राज्य में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखंड द्वारा चलाए जा रहे "ड्रग्स-फ्री देवभूमि अभियान" के अंतर्गत, आयुष अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक टिहरी गढ़वाल के आदेशानुसार तथा अपर पुलिस अधीक्षक टिहरी गढ़वाल एवं क्षेत्राधिकारी नरेंद्र नगर के निर्देशन में थाना मुनि की रेती पुलिस व एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा संयुक्त अभियान चलाया गया। भद्रकाली चौकी क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस टीम द्वारा दो व्यक्तियों को रोका गया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 1.200 किलोग्राम अवैध चरस बरामद हुई, जिसे स्कूटी से तस्करी कर ले जाया जा रहा था॥ पूछताछ में उन्होंने अपने नाम किशन नौटियाल पुत्र धर्म प्रसाद नौटियाल निवासी ग्राम जोंक, लक्ष्मण झूला, पौड़ी गढ़वाल, विमल भट्ट पुत्र गोकुल आनंद भट्ट निवासी ग्राम चौक, लक्ष्मण झूला, पौड़ी गढ़वाल बताया।

# चारधाम यात्रा में पंचगव्य आचमन अनिवार्य रूप से होः खत्री

संवाददाता

देहरादून। भैरव सेना संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष संदीप खत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा में पंचगव्य आचमन को अनिवार्य रूप से लागू कराया जाये।

आज यहां भैरव सेना संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष संदीप खत्री के नेतृत्व में संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार को एक कड़ा ज्ञापन प्रेषित किया। संगठन ने स्पष्ट किया है कि यदि आगामी चारधाम यात्रा से पूर्व तीर्थ क्षेत्रों में पंचगव्य आचमन अनिवार्य करने एवं तीर्थ सुधार नियमावली-1924 लागू करने का शासनादेश जारी नहीं हुआ, तो संगठन स्वयं मोर्चे पर उतरकर शुद्धिकरण अभियान चलाएगा।

केंद्रीय अध्यक्ष संदीप खत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन द्वारा विगत 5 वर्षों से ग्रीष्मकालीन चारधाम तीर्थ यात्रा शुरू होने से ठीक दो सप्ताह पूर्व सात दिवसीय पंचगव्य यात्रा का आयोजन किया जाता है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य तीर्थों की शुचिता बनाए रखना और सनातनियों को जाग्रत करना है। इस वर्ष भी यात्रा से पूर्व यदि सरकार ने पंचगव्य आचमन और तीर्थ सुधार नियमावली-1924 पर ठोस शासनादेश जारी नहीं किया, तो यह अभियान जन-आंदोलन का रूप लेगा। गढ़वाल संभाग अध्यक्ष गणेश जोशी ने कहा कि गढ़वाल के चारों धाम और शक्तिपीठ हमारी आस्था के प्राण हैं। बाहरी और विधर्मी तत्वों की अनियंत्रित घुसपैठ ने देवभूमि की जनसांख्यिकीय मर्यादा को संकट में डाल दिया है। हम प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी देते हैं कि यदि शासनादेश नहीं आया, तो गढ़वाल संभाग का प्रत्येक कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर शुद्धिकरण की कमान संभालेगा। वहीं महानगर अध्यक्षा नीलम थापा के कथनानुसार हिंदू समाज अब केवल आश्वासनों से संतुष्ट नहीं होगा। शहरों से लेकर पहाड़ों तक मातृशक्ति और युवा शक्ति एकजुट है। हम चाहते हैं कि तीर्थ क्षेत्रों के प्रवेश द्वारों पर प्रत्येक व्यक्ति को पंचगव्य का आचमन करवाया जाए, ताकि केवल श्रद्धावान सनातनी ही प्रवेश कर सकें। जिला अध्यक्ष संजीव टांक एवं जिला संयोजिका नेहा भंडारी ने सामूहिक रूप से कहा कि प्रशासन की निष्क्रियता के कारण तीर्थों की पवित्रता खतरे में है। जनवरी 2026 में गंगोत्री और हर की पैड़ी पर लिए गए निर्णयों को पूरे प्रदेश में विस्तार देना अनिवार्य है। यदि सरकार मौन रही, तो भैरव सेना के स्वयंसेवक स्वयं प्रवेश द्वारों पर मोर्चा संभालेंगे और इसकी समस्त जिम्मेदारी शासन की होगी। इस दौरान संगठन के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिनमें उपरोक्त के अलावा अन्नू राजपूत, गीता नौटियाल, कल्पना भंडारी, रविन्द्र चौधरी, राजकुमार, राहुल सूद इत्यादि उपस्थित रहे। पंचगव्य आचमन को समस्त तीर्थ प्रवेश द्वारों पर अनिवार्य करने हेतु अविलंब शासनादेश।




# कबाड़ की आड़ में नशा तस्करी कर रहे तीन शातिर गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

अल्मोड़ा। कबाड़ ले जाने की आड़ में नशा तस्करी कर रहे तीन शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से 18 किलो से अधिक गांजा व तस्करी में प्रयुक्त पिकअप बरामद की गयी है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज थाना सल्ट व एसओजी टीम को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ नशा तस्कर नशीले सामान की बड़ी खेप सहित आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस व एसओजी टीम ने क्षेत्र में संयुक्त चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के पास एक कबाड़ से भरी संदिग्ध पिकअप वाहन आता हुआ दिखायी दिया। जब उसे रोक कर चैक किया गया तो उसमें सवार 3 युवकों के कब्जे से 18.350 किग्रा. गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में उन्होने अपना नाम गुलजार पुत्र अफसर अली निवासी एचपी गोदाम टांडा थाना रामनगर जनपद नैनीताल, नासिर हुसैन पुत्र मजर हुसैन निवासी ग्राम पूछडी थाना रामनगर जनपद नैनीताल व मौ. आजम पुत्र निजामुद्दीन निवासी मुस्लिम इन्टर कॉलेज के पीछे ठाकुरद्वारा थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद उत्तर-प्रदेश बताया। पुलिस के अनुसार चेकिंग के दौरान रोके जाने पर चालक ने पिकअप में कबाड़ का सामान होना बताया, चेक करने पर एक कट्टे में गांजा भरा मिला, पूछने पर वाहन में सवार तस्करों ने बताया कि गांजा ग्राम घनियाल से रामनगर की ओर ले जा रहे थे, जिसे ऊंचे दामों में बेचकर मुनाफा कमाने की फिराक में थे। बहरहाल पुलिस ने उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओंमें मुकदमा दर्जकर उन्हे न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया है। बरामद गांजे की कीमत 4 लाख रूपये से अधिक बतायी जा रही है।



# बिछड़ों को अपनों से मिलाकर दून पुलिस ने बिखेरी मायूस चेहरों पर मुस्कान

संवाददाता

देहरादून। एक माह से घर से लापता बालक को पुलिस ने परिजनों के सुपुर्द कर उनके मायूस चेहरे पर मुस्कान वापस लायी।

आज यहां वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुपालन में जनपद के सभी थाना क्षेत्रो में पुलिस द्वारा लगातार सघन चैकिंग/सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सत्यापन अभियान के दौरान त्यूनी क्षेत्र में पुलिस टीम को एक लगभग 15-16 वर्षीय बालक परेशान अवस्था में घूमता हुआ मिला, जिससे बातचीत करने का प्रयास करने पर बालक के बोलने तथा सुनने में असमर्थ होने पर पुलिस टीम को उससे किसी भी प्रकार की कोई जानकारी प्राप्त न हो सकी। बालक को सुरक्षा की दृष्टि से थाना त्यूनी लाया गया। बालक की पहचान एंव उसके सम्बन्ध में जानकारी एकत्रित करने के उद्देश्य से पुलिस टीम द्वारा बालक की फोटो को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित करते हुए आस-पास के थानो/जनपदों को बालक के परिजनों की जानकारी हेतु अवगत कराया गया। पुलिस टीम द्वारा लगातार किये जा रहे प्रयासों के परिणाम स्वरूप पुलिस टीम को बालक के परिजनों के ग्राम मोड़ा, थाना मोरी, जनपद उत्तरकाशी में होने के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त हुई। प्राप्त जानकारी के आधार पर बालक के परिजनों से सम्पर्क कर आज उन्हें थाना त्यूनी पर बुलाकर बालक को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया। पूछताछ में बालक के परिजनो द्वारा बताया गया कि बालक मानसिक रूप से पूर्णतः स्वस्थ नहीं है तथा सुनने व बोलने के साथ साथ किसी बात को समझने में भी असमर्थ है, जो लगभग 01 माह पूर्व अपने घर से बिना बताये कहीं चला गया था तथा परिजन उसे ढूंढने का लगातार प्रयास कर रहे थे। बालक को सकुशल वापस पाकर परिजनों द्वारा उत्तराखण्ड पुलिस की कार्यप्रणाली की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए दून पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

### ‘जमीन कब्जे के जंगलराज पर जिला प्रशासन का न्याय का प्रहार’

# विस्थापित परिवार को आवासीय भूखंड पर दिलाया कब्जा



संवाददाता

देहरादून। जिला प्रशासन की तत्पर एवं प्रभावी कार्यवाही के फलस्वरूप ग्राम अटक फार्म, परगना पछवादून, तहसील विकासनगर में 15 वर्षों से आवंटित भूमि पर विधिवत कब्जा दिलाया गया। कब्जा प्राप्त होने के उपरांत लाभार्थी महिला ने अपने भाई के साथ जिलाधिकारी देहरादून का आभार व्यक्त किया। प्रकरण अटकफार्म, सेलाकुई, विकासनगर स्थित टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड (टिहरी बांध परियोजना) के अंतर्गत विस्थापित परिवारों को आवंटित आवासीय भूखण्डों से संबंधित है।

सुमेरचंद एवं अन्य को आवंटित आवासीय भूखण्ड संख्या-29 पर अवैध कब्जे की शिकायत प्राप्त होने पर जिलाधिकारी के निर्देशानुसार त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की गई। जमीन कब्जे के जंगलराज पर जिला प्रशासन का न्याय का प्रहार करते हुए टिहरी बांध परियोजना अन्तर्गत विस्थापित परिवार को आवासीय भूखंड पर कब्जा दिला दिया है। जहां निम्न मध्यम वर्ग के पीड़ित विस्थापित पहाड़ी दम्पति की आवासीय भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण किया जा रहा था। जिला प्रशासन ने विस्थापित दम्पति को उनका हक दिलाते हुए वर्षों से अतिक्रमित भूमि पर कब्जा दिला दिया है। जिस पर दम्पति जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करने पंहुची। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में उप जिलाधिकारी द्वारा संयुक्त जांच टीम गठित की गई। जांच टीम में तहसील विकासनगर के सर्वे लेखपाल, सर्व कानूनगो, राजस्व उपनिरीक्षक (पुनर्वास), राजस्व निरीक्षक (पुनर्वास) तथा सहायक अभियंता (पुनर्वास) सम्मिलित रहे। टीम द्वारा पुनर्वास स्थल अटकफार्म में स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भूखण्ड संख्या-15, 16, 17, 27, 28 एवं 29 का टिहरी बांध परियोजना द्वारा स्वीकृत नक्शों एवं राजस्व अभिलेखों से मिलान किया गया। मिलान उपरांत पाया गया कि उक्त आवंटित भूखण्ड खसरा संख्या 301, 302 एवं 303 के भाग हैं, जिन्हें टिहरी बांध परियोजना से विस्थापित परिवारों के पुनर्वास हेतु क्रय किया गया था। संयुक्त जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि स्वर्गीय कुन्दन लाल जोशी के वारिसान द्वारा उक्त भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर गन्ने की खेती की जा रही थी। प्र

करण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को अवैध कब्जा तत्काल हटवाने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन की निगरानी में खसरा संख्या 301, 302 एवं 303 से अवैध कब्जा हटवाकर आवंटित भूखण्ड संख्या-29 सहित संबंधित भूखण्डों पर विधिसम्मत रूप से शिकायतकर्ता सुमेरचन्द्र एवं अन्य लाभार्थियों को कब्जा दिलाया गया।

# टिहरी और रुद्रप्रयाग जिला न्यायालय में बम की खबर से हड़कंप

हमारे संवाददाता

टिहरी/रूद्रप्रयाग। बीते रोज उत्तरकाशी व नैनीताल जिले में जिला न्यायालय परिसर में बम रखे जाने की सूचना पर जिला प्रशासन सजग हो गया था। हालांकि वह सूचना तो फर्जी निकली लेकिन अब एक बार फिर टिहरी और रुद्रप्रयाग जिला न्यायालयों में बम की खबर होने से हड़कंप मच गया है। पुलिस व एलआईयू की टीमों ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार आज सुबह नई टिहरी और रुद्रप्रयाग जिला न्यायालय में बम होने की सूचना पर हड़कंप मच गया। पुलिस ने परिसर को खाली करवाकर बम निरोधक दस्ते और डॉग स्कवाड द्वारा निरीक्षण कराया जा रहा है। पुलिस और एलआईयू की टीम



न्यायालय पहुंची और हर कोना खंगाला। प्राथमिक जांच में कहीं भी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। जिससे पुलिस और कोर्ट न्यायविदों के साथ ही वकीलों ने राहत की सांस ली है। अभी भी पुलिस जांच में जुटी हुई है। नई टिहरी जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल मिश्रा और सीओ टिहरी महेश लखेड़ा ने बताया कि कोर्ट में बम रखने की मेल आई थी। जिस पर पूरे कोर्ट परिसर को खंगाला गया। कही कुछ नहीं मिला है। हालांकि हम नजर बनाए हुए हैं। बता दें, उत्तरकाशी जिला न्यायालय की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर भी बीते रोज कोर्ट में बम और आरडीएक्स की सूचना के बाद परिसर में अफरातफरी का माहौल बन गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूरे परिसर को खाली कराकर जांच की। मामले की गंभीरता को देखते हुए बम निरोधक दस्ता, एसटीएफ और खुफिया एजेंसी भी मौके पर पहुंच गई, हालांकि खबर लिखे जाने तक परिसर में कुछ संदिग्ध नहीं मिला। इस संबंध में पुलिस की ओर से मुकदमा दर्ज किया गया है।

# नाबालिग का अपहरण व दुष्कर्म मामले में फरार आरोपी गुजरात से दबोचा

हमारे संवाददाता



हरिद्वार। नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गुजरात से गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से नाबालिग को सकुशल बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार बीती 11 फरवरी को पीड़ित द्वारा थाना बुग्गावाला में तहरीर देकर बताया गया था कि दिलनवाज पुत्र इरफान निवासी ग्राम लालवाला थाना बुग्गावाला व अन्य आरोपी द्वारा उनकी नाबालिग बहन (उम्र 15 वर्ष) को बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया है। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गयी। डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा बीती रात अपहृता एवं आरोपी को मीना कम्पनी, चंदोडर, जनपद अहमदाबाद (गुजरात) से सकुशल बरामद कर किया गया है। विवेचना के उपरांत मुकदमे में पॉक्सो अधिनियम की बढ़ोतरी की गई है। जिसे आज न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार पिता-पुत्र को कुचला, पिता की मौत

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। सड़क दुर्घटना में देर रात गन्ने से लदी एक ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार पिता-पुत्र को रौंद डाला। हादसे में पिता की मौत हुई है। वहीं पुत्र हल्का चोटिल हुआ है।

जानकारी के अनुसार बीती रात रायसी-लक्सर रोड पर अकोढ़ा कला गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने पीछे से मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार पिता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका 14 वर्षीय पुत्र हल्का चोटिल हो गया। मृतक की पहचान लोकेंद्र (40 वर्ष) पुत्र अजय, निवासी पंडितपुरी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि लोकेंद्र अपने 14 वर्षीय बेटे अनमोल के साथ किसी परिचित को खाना देने के लिए लक्सर अस्पताल की ओर मोटरसाइकिल से जा रहे थे। जैसे ही वे रायसी-लक्सर रोड पर अकोढ़ा कला की पुलिया के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि लोकेंद्र ट्रैक्टर के पहिये के नीचे आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। गनीमत रही कि उनका बेटा अनमोल ट्रैक्टर की चपेट में आने से बच गया और उसे केवल हल्की चोटें आईं। घटना के बाद राहगीरों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। भीड़ को आता देख ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर चालक महाराजपुर क्षेत्र का किसान है। राहगीरों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी। स्थानीय लोगों की मदद से अनमोल को लक्सर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे छुट्टी दे दी। पुलिस के अनुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया गया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। घटना से क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से फरार ट्रैक्टर चालक की शीघ्र गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

# बांग्लादेश में जमात-ए-इस्लामी के सांसदों ने शपथ लेने से किया इंकार

कार्यालय संवाददाता

ढाका। बांग्लादेश में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की जीत हुई है, लेकिन देश की राजनीति एक बार फिर से अस्थिरता की और जाती दिख रही है।

बांग्लादेश के चुनाव में विजयी हुई बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के श्संविधान सुधार परिषदश के सदस्य के रूप में शपथ लेने से इनकार करने के बाद दक्षिणपंथी पार्टी जमात-ए-इस्लामी के नव निर्वाचित संसद सदस्यों ने मंगलवार को शपथ लेने से मना कर दिया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त एएमएम नसीरुद्दीन ने संसद भवन (जातीय संसद भवन) में बीएनपी सांसदों को पद की शपथ दिलाई। इसके बाद जमात के सांसदों को शपथ लेनी थी। जब बीएनपी ने जनमत-संग्रह का समर्थन करने के लिए संविधान सुधार परिषद के सदस्यों के रूप में दूसरी शपथ लेने से इनकार कर दिया तो स्थिति जटिल हो गई। जमात के उपाध्यक्ष अब्दुल्ला मोहम्मद ताहिर ने कहा, जब तक बीएनपी के सांसद नियमित संसद सदस्यों के साथ ही संविधान सुधार परिषद के सदस्यों के रूप में शपथ नहीं लेते, हम संसद सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी का मानना है कि संवैधानिक सुधारों के बिना संसद बेकार है। संविधान सुधार परिषद के सदस्य के रूप में दूसरी शपथ तथाकथित जुलाई चार्टर को लागू करने की प्रतिबद्धता से जुड़ी है, जिसमें संविधान में व्यापक संशोधन का प्रस्ताव रखा गया है। जनमत-संग्रह में 84 सूत्री जटिल प्रस्ताव रखा गया था। निर्वाचन आयोग के अनुसार, जनमत-संग्रह में 60 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने हां में मतदान किया। बीएनपी की नीति-निर्धारण स्थायी समिति के सदस्य और नवनिर्वाचित सांसद सलाहुद्दीन अहमद ने शपथ ग्रहण से पहले पार्टी सांसदों से कहा कि उन्हें संविधान सुधार परिषद के सदस्य के रूप में निर्वाचित नहीं किया गया है और अभी तक परिषद से संबंधित कोई प्रावधान संविधान में शामिल नहीं किया गया है। पार्टी अध्यक्ष तारिक रहमान की मौजूदगी में उन्होंने कहा, ष्हममें से कोई भी दूसरी शपथ नहीं लेगा।ष



आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*